# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।

## जनपदीय क्वालिटी एश्योरेंस समिति तथा कायाकल्प अवार्ड समिति त्रैमासिक समीक्षा बैठक दिनांक– 10 अक्टूबर 2017

### बैठक कार्यवृत्ति

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित जिला क्वालिटी एश्योरेंस समिति तथा कायाकल्प अवार्ड समिति जनपद लखनऊ की त्रैमासिक बैठक दिनांक 10 अक्टूबर 2017 को सांय काल 5:00 बजे डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कलेक्ट्रट सभागार, पर जिला अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।

बैठक में एजेण्डावार विषयों पर समिति के सदस्यों द्वारा विचार विर्मश किया गया एवं सर्वसम्मति से अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्णय लिया गया जो निम्नवत हैः–

| प्रस्ताव | चर्चा एवं अनुमोदन का विवरण |
|---|---|
| **पिछली बैठक** दिनांक 27.07. 2017 की कार्यवाही की पुष्टि । | समिति सदस्यों के समक्ष पिछली बैठक दिनांक 27.09.2017 की कार्यवाही सदस्यों को पढकर सुनायी गयी जिसकी सदस्यों द्वारा पुष्टि की गयी। जिला अधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिला सलाहकार क्वालिटी एश्योरेंस द्वारा निम्न बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी।<br><br>I- बिन्दु सं0 2 पर कायाकल्प अवार्ड योजना में चयनित चिकित्सालयों के गैप्स को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये थे जो चयनित चिकित्सालयों द्वारा गैप्स को पूर्ण कर साफ–सफाई हेतु पर्याप्त कंज्यूमेबल्स आदि ले लिया गया है।<br>II- बिन्दु सं0 3 पर मुख्य चिकित्साधिकरी द्वारा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोसाईगंज को दिये गये निर्देश के क्रम में फायर सेफ्टी मॉकड्रिल समस्त स्टाफ को करा दी गयी है।<br>III- कायाकल्प अवार्ड के अन्तर्गत चयनित चिकित्सालयों में पेस्ट कन्ट्रोल अनुबन्ध करवाने के लिये निर्देशित किया गया था। जो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनलाल गंज, चिनहट, मलिहाबाद, गोसाईगंज द्वारा करवा लिया गया है। तथा अन्य चिकित्सा इकाईयों द्वारा कराया जा रहा है। |
| **बिन्दु संख्या 1.** NQAS (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन) में चयनित चिकित्सालयों का विवरण। | बैठक में क्वालिटी एश्योरेंस के सम्बन्ध में सभी उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों को जिला सलाहकार क्वालिटी एश्योरेंस, लखनऊ द्वारा NQAS (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन) में चयनित चिकित्सालय डा0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोसाई गंज के बारे में बताया एवं NQAS प्राप्त करने के मानक क्या–क्या हैं। तथा सर्टिफिकेशन के लिये मानक कैसे पूर्ण करना है। इसके बारे में पूर्ण जानकारी दी गयी। |
| **बिन्दु संख्या 2.** NQAS (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन) में चिन्हित चिकित्सालयों में भेजी जा रही धनराशि का विवरण। | जनपद लखनऊ में NQAS (नेशन क्वालिटी एश्योरेंस स्टैण्ड्र्डड) के लिये चयनित चिकित्सा इकाईयों पर रू0 104000.00 / प्रति चिकित्सा इकाई की दर से जिला चिकित्सालय डा0 राम मनोहर लोहिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिनहट एवं गोसाईगंज में भेजी जा रही धनराशि को व्यय करने की Guidelines के बारे में चर्चा की गयी। अथवा यह भी बताया गया कि उक्त धनराशि NQAS चेकलिस्ट |

(Dist. Con. QA)

DPM

| | |
|---|---|
| | के अनुसार पाये गये गैप्स को पूर्ण करने हेतु भेजी जा रही है।<br>**(कार्यवाही–** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय तथा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिनहट एवं गोसाईगंज। उक्त बजट धनराशि को नियमानुसार व्यय करने के उपरान्त विवरण रिपोर्ट अधोहस्तक्षरी कार्यालय में भेजना सुनिश्ति करे।) |
| **बिन्दु संख्या 3.** कायाकल्प अवार्ड योजना में चिन्हित चिकित्सालयों में गैप्स को पूर्ण करने हेतु भेजी जा रही धनराशि का विवरण। | 1. कायाकल्प अवार्ड योजना के अन्तर्गत जनपद लखनऊ में चयनित चिकित्सा इकाईयों पर कैटल ट्रैप लगवाने हेतु रू0 125000/प्रति चिकित्सा इकाई की दर से बलरामपुर चिकित्सालय, आर0एल0बी0 महिला चिकित्सालय, राम सागर मिश्र बी0के0टी0 चिकित्सालय को भेजी जा रही बजट धनराशि के बारे में जानकारी दी गयी।<br>2. कायाकल्प अवार्ड योजना के अन्तर्गत जनपद लखनऊ में चयनित चिकित्सा इकाईयों पर पेस्ट कन्ट्रोल हेतु रू0 60,000/प्रति चिकित्सा इकाई की दर से टी0बी0 चिकित्सालय, सागर मिश्र बी0के0टी0 चिकित्सालय, बी0आर0डी0 चिकित्सालय, डा0 आर0एम0एल0 चिकित्सालय को भेजी जा रही बजट धनराशि के बारे में जानकारी दी गयी।<br>3. कायाकल्प अवार्ड योजना के अन्तर्गत जनपद लखनऊ में चयनित (28) चिकित्सा इकाईयों पर 3 बकेट सिस्टम, टूटी जालीयां, वायर मेस आदि अन्य गैप कायाकल्प चेकलिस्ट के अनुसार गैप्स को पूर्ण करने हेतु भेजी जा रही बजट धनराशि के बारे में जानकारी दी गयी।<br><br>I. आर0एल0बी0 चिकित्सालय/अंवती बाई महिला चिकित्सालय/झलकारी बाई महिला चिकित्सालय/डा0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय/लोक बन्धु राजनरायण चिकित्सालय/बलरामपुर चिकित्सालय/बी0आर0डी0 चिकित्सालय/टी0बी0 चिकित्सालय/रामसागर मिश्र साढामऊ चिकित्सालय/डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय।<br>II. ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बी0के0टी/इटौंजा/चिनहट/माल/मलिहाबाद/गोसाईगंज/काकोरी/सरोजनी नगर/मोहनलाल गंज।<br>III.प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगराम/सरोजनी नगर/हरौनी/खुजौली/गंगागंज/कसमंडी कला/महोना/कुम्हरांवा/निगोंहा।<br><br>**(कार्यवाही–** (क). समस्त मुख्य अधीक्षक/अधीक्षिका जिला चिकित्सालय तथा समस्त अधीक्षक ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, नगराम, सरोजनी नगर, हरौनी, खुजौली, गंगागंज, कसमंडी कला, महोना, कुम्हरांवा, निगोंहा उक्त बजट धनराशि को नियमानुसार व्यय करने के उपरान्त विवरण रिपोर्ट अधोहस्तक्षरी कार्यालय में भेजना सुनिश्ति करे।) |
| **बिन्दु संख्या 4.** हौसला साझेदारी के अन्तर्गत सम्बद्ध किये गये निजी चिकित्सालयों में नगरीय अशाओं द्वारा, परिवार नियोजन सुविधायें दिलवाने के सम्बन्ध में। | हौसला साझेदारी के अन्तर्गत सम्बद्ध किये गये निजी चिकित्सालयों में नगरीय अशाओं द्वारा, परिवार नियोजन सुविधायें दिलाये जाने के हेतु समस्त उपस्थित सदस्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी एंव विचार विमर्श किया गया। |

(Dist. con. Q.A) DPM

| | |
|---|---|
| **बिन्दु संख्या 5.** अन्य बिन्दु, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। | • NQAS (नेशन क्वालिटी एश्योरेंस स्टैण्डर्ड) एवं कायाकल्प अवार्ड योजना मे चयनित चिकित्सा इकाईयों में गैप्स को पूर्ण करने तथा प्रशिक्षण हेतु भेजी जा रही धनराशि को व्यय करने के उपरान्त व्यय विवरण रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को भेजना सुनिश्चित करें।<br>**(कार्यवाही–** 1. NQAS में चयनित समस्त चिकित्सालय के अधीक्षक 2. कायाकल्प अवार्ड योजना में चयनित समस्त चिकित्सालय के अधीक्षक)<br>• कायाकल्प अवार्ड योजना वर्ष 2016–17 में पुरूस्कृत चिकत्सा इकाईयों के अधीक्षक पुरूस्कृत धनराशि का व्यय विवरण अधोहस्ताक्षरी तथा कार्यालय में स्थित जिला क्वालिटी एश्योरेंस को भेजना सुनिश्चित करें।<br><br>**(कार्यवाही**–कायाकल्प अवार्ड योजना वर्ष 2016–17 में पुरूस्कृत समस्त चिकित्सा अधीक्षक ) |

13.10.17

(डा0 अनूप कुमार श्रीवास्तव)
**अपर मुख्य चिकित्साधिकारी**
**सदस्य सचिव/नोडल क्वालिटी एश्योरेंस**
**संयोजक, नोडल कायाकल्प अवार्ड समिति**
लखनऊ।

(डा0 (मेजर) जी0एस0 बाजपेई)
**मुख्य चिकित्साधिकारी**
**संयोजक, क्वालिटी एश्योरेंस**
**उपाध्यक्ष, कायाकल्प अवार्ड समिति**
लखनऊ।

(श्री कौशल राज शर्मा (आई.ए.एस.)
**जिला अधिकारी**
**अध्यक्ष, जिला क्वालिटी एश्योरेंस**
**अध्यक्ष, कायाकल्प अवार्ड समिति**
लखनऊ।